कौशल विकास, सीमेंस इंडिया और जीआईज़ेड इंडिया के मध्य हुआ त्रिपक्षीय एमओयू

चर्चा में क्यों?

8 मार्च, 2022 को औद्योगिक मूल्य संवर्द्धन के लिये कौशल सुदृढ़ीकरण योजना **(STRIVE)** में इंडो-जर्मन इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम **(IGNITE)** के लिये मध्य प्रदेश कौशल विकास, सीमेंस इंडिया एवं जीआईज़ेड **(GIZ)** इंडिया के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू संपादित किया गया। ।

प्रमुख बिंदु

- मध्य प्रदेश कौशल विकास के संचालक जितेंद्र सिंह राजे, सीमेंस इंडिया के धर्मवीर सिंह एवं जीआईज़ेड इंडिया की उषा गणेश ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किये।
- संचालक जितेंद्र सिंह ने बताया कि इंडो-जर्मन इनिशिएटिव फॉर टेक्निकल एजुकेशन प्रोग्राम **(IGNITE)** का उद्देश्य जर्मन डूअल व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षण मॉडल के आधार पर भारत में उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण के लिये रूपरेखा की स्थिति निर्मित करना है।
- उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश के चार इंडस्ट्री क्लस्टर एवं संबंधित 34 शासकीय आईटीआई को आईजीएनआईटीई प्रोग्राम के लिये चयन किया गया है। इसमें ग्वालियर-शिवपुरी इंडस्ट्री क्लस्टर में 7 शासकीय आईटीआई तथा जबलपुर-कटनी क्लस्टर, सागर-दमोह क्लस्टर एवं रीवा-सतना इंडस्ट्री क्लस्टर में 9-9 शासकीय आईटीआई का चयन किया गया है।
- इस एमओयू के तहत सीमेंस इंडिया और जीआईज़ेड. **(GIZ)** के विशेषज्ञों द्वारा आईटीआई के प्राचार्य, संस्था प्रमुख, ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी, ट्रेड के प्रशिक्षण अधिकारियों की क्षमता निर्माण एवं आईटीआई के 5 ट्रेड इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट और इलेक्ट्रानिक्स मेकैनिक के ट्रेनीज़ को इंडस्ट्री क्लस्टर में 'इन प्लांट ट्रेनिंग' और 'ग्रीन स्किल्स' में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tripartite-mou-between-skill-development,-siemens-india-and-giz-india